कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ.प्र.
संख्या–02(21)/ई–2/2021–2022
प्रयागराज–दिनांक 08 फरवरी, 2022

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या–ए–1/ई–1/2021 दिनांक 5 फरवरी, 2021 के द्वारा विज्ञापित सहायक वन संरक्षक (A.C.F.) एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी (R.F.O.) सेवा परीक्षा–2021 की प्रारम्भिक परीक्षा दिनांक 24–10–2021 को आयोजित की गयी थी। उक्त परीक्षा का परिणाम दिनांक 01 दिसम्बर, 2021 को घोषित किया, जिसमें कुल 296 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु सफल घोषित किया गया। मुख्य परीक्षा हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उन्हें अपने परम्परागत आवेदन पत्र भरने हेतु आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in के 'Home page' पर "Fill online details for A.C.F./R.F.O Services (Main) Exam-2021" पर Click करके Registration No. एवं जन्मतिथि व अन्य आवश्यक सूचनाएं ऑनलाइन फार्मेट पर भरने के पश्चात मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा करें।

2–मुख्य परीक्षा हेतु शुल्क जमा करनें की अन्तिम तिथि दिनांक 21–02–2022 है । शुल्क जमा करने हेतु "Click here to pay the required fee for Main Examination" को click करें। इसके पश्चात S.B.I. MOPS का पेज प्रदर्शित होगा, जिसमे भुगतान हेतु निम्न विकल्प उपलब्ध होगें:–

I. S.B.I. MOPS के Portal से S.B.I. अथवा 55 अन्य बैकों में से किसी एक बैंक का चयन करना होगा।

II. चयन किये गये बैंक के द्वारा Debit/Credit/Net Banking/Mobile Banking द्वारा SBI Buddy के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।

III. उपरोक्त बिन्दु–।। की सुविधा न होने पर S.B.I. का ई–चालान मुद्रित करके नगद भुगतान द्वारा भी परीक्षा शुल्क जमा किया जा सकता है।

3–निर्देशों एवं प्रकिया का भली–भॉति अध्ययन करने के उपरान्त उसका पालन करते हुये प्रत्येक स्तर पर ऑनलाइन सूचनाएं (जन्म तिथि, पिता का नाम, माता का नाम, लिंग, निवास, श्रेणी अनिवार्य तथा वॉछनीय अर्हता इत्यादि) भरकर पूर्ण संतुष्ट होकर "SAVE/SUBMIT" कर लें। उपर्युक्त परीक्षा केवल प्रयागराज में आयोजित की जायेगी। सभी अभ्यर्थी प्रदर्शित फार्मेट पर दो वैकल्पिक विषयों को सेलेक्ट (Select) करें। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि उपर्युक्त वॉछित सूचनायें दिनांक 21–02–2022 तक सही–सही एवं सावधानीपूर्वक भरना सुनिश्चित करें। ऑनलाइन "SAVE/SUBMIT" फार्म की प्रति को मुद्रित कर लें।

ऑनलाइन फार्म सेट "SAVE/SUBMIT" करने के उपरान्त आयोग द्वारा निर्धारित समय में ही अभ्यर्थियों को यदि कोई त्रुटि प्रकाश में आती है तो उसके संशोधन हेतु केवल एक बार संशोधन (EDIT) आयोग की बेवसाइट https://uppsc.up.nic.in के 'Home page' पर प्रदर्शित विकल्प "Click here to modify Online details after submission for A.C.F./R.F.O Services (Main) Exam-2021" पर क्लिक करके कर सकते हैं। उपरोक्त प्रकिया दिनांक 21–02–2022 तक उपलब्ध रहेगी । इसके अतिरिक्त जाति प्रमाण–पत्र, स्वतत्रंता संग्राम सेनानी के आश्रितों का प्रमाण–पत्र, दिव्यांगता का प्रमाण–पत्र एवं भूतपूर्व सैनिक का प्रमाण–पत्र के प्रारूप की PDF File वेबसाइट पर उपलब्ध है।

4–ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्र (Form Set) को मुद्रित करके उसके साथ समस्त संलग्नकों यथा–1–हाईस्कूल, अंक पत्र एवं प्रमाण–पत्र, 2–इण्टरमीडिएट, अंक पत्र एवं प्रमाण–पत्र, 3–स्नातक, अंक पत्र (प्रत्येक वर्ष का) एवं प्रमाण–पत्र, 4–सरकारी सेवक/कार्मिक की स्थिति में सेवा योजक द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण–पत्र की मूल प्रति, 5–आरक्षण सम्बन्धी निर्धारित प्रारूप पर अद्यतन जाति प्रमाण–पत्र (गोंड एवं नायक अनुसूचित जनजाति के सम्बन्ध में प्रमाण–पत्र छः माह से अधिक पुराना न हो।), की स्वप्रमाणित प्रतियॉ एक लिफाफे में भरकर तथा उक्त लिफाफे पर मुद्रित पता पर्ची (;Address Slip) चस्पा कर दिनांक 28–02–2022 को 5.00 बजे अपराह्न तक अथवा उसके पूर्व सचिव, उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग (परीक्षा अनुभाग–5), 10–कस्तूरबा गॉधी मार्ग, प्रयागराज–211018 को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से आयोग के गेट संख्या–3 पर स्थित डाक अनुभाग के काउन्टर (पूँछ–तॉछ काउन्टर) पर अवश्य उपलब्ध करा दें। उक्त अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

5–इसके अतिरिक्त आरक्षण के दावे के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत जाति प्रमाण–पत्र डिजिटल प्रारूप में भी स्वीकार कियें जायेंगे, परन्तु उसके साथ निवास प्रमाण–पत्र आवश्यक है।

6–अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन किये गये दावों के सम्बन्ध में उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये अभिलेखों के परीक्षणोंपरान्त यदि भिन्न तथ्य पाये जाते हैं तो उनका अभ्यर्थन मा. आयोग द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा।

Arvind 8/2/22
(अरविन्द कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक।